संक्षिप्त

मोहन भागवत आज पुष्कर आएंगे

पुष्कर (निसं)। राष्टीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार को पुष्कर आएंगे। उनकी निजी यात्रा को लेकर पुलिस व प्रशासन अलर्ट हो गया है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत शनिवार की शाम करीब 6 बजे पुष्कर पहुंचे तथा वे करीब एक घंटे रूकेंगे। यहां उनका पास के गांव गनाहेड़ा स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित अपने परिचित के शादी समारोह में भाग लेने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इधर उनके कार्यक्रम को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। इसी के चलते गुरूवार को पुष्कर थाना प्रभारी विक्रम सिंह व नगर परिषद के आयुक्त जनार्दन शर्मा ने अधीनस्थ कार्मिकों के साथ कार्यक्रम स्थल का दौरा भी किया। भागवत दूसरी बार पुष्कर आ रहे है। इसके पूर्व भागवत जगत गुरु श्री श्री जीश्याम शरण देवाचार्य जी महाराज से मुलाकात कर, पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना की थी।

उसम ने लोगों को सताया

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह से ही छितराए बादल छाए रहे। सूर्य देव बादलों में दिनभर लुका चुप्पी का खेल भी चला इसके बावजूद दोपहर के समय लोग तेज गर्मी व उमस से परेशान रहे। जैसे-जैसे शाम हुई लोगों को गर्मी व पसीने से राहत मिली सुबह मौसम सामान्य रहने के बाद जैसे-जैसे दिन चढ़ता उसके साथ ही सूर्य से निकली आग की लपटों ने खासा बेहाल कर दिया सर्वाधिक तापमान रहने के कारण एसी कूलर पंखे जवाब दे गए मसूदा क्षेत्र में भीषण गर्मी का दौर जारी है दिन-रात लू चलने से लोग बेहाल है दोपहर में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी आज

मसूदा, । मसूदा विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि आवश्यक रखरखाव के कारण आज शनिवार 17 मई को 33/11 केवी जीएसएस शेरगढ़ ,रामगढ़ ,लोडियाणा पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य हेतु विद्युत सप्लाई सुबह 7 से दोपहर 1 तक बंद रहेगी जिससे जुड़े सभी ठामीण फीडर शेरगढ़प्रथम शेरगढ़ सेकंड, लम्बा, लोरडी,माइंड, लोडियाणा शहरी, लोडियाणा ग्रामीण, दौलतपुरा प्रथम, जय सिंहपुरा, रामगढ ग्रामीण, रामगढ शहरी,जीवाणा, देवास, आशापुरा, नाकोड़ा व दौलतपुरा सैकंड से जुड़े गांव की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

समाधि दिवस आज

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की और से शनिवार को आचार्य श्रुतसागर महाराज का 38वां समाधि दिवस मनाया जाएगा।

अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के एडीए से संबंधित विकास कार्य शीघ्रता से करवाएं : भदेल

विधायक भदेल ने अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों की बैठक ली

अजमेर, (कासं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने गुरुवार को अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक ली। बैठक में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

- **बैठक में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की**

विधायक भदेल ने बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि विधायक निधि से स्वीकृत समस्त विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय पर पूरे करवाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए धोलाभाटा रोड पर निर्माणाधीन नाले के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि बरसात में क्षेत्रवासियों को जल भराव संबंधी कोई परेशानी ना हो। जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए विधायक भदेल ने मकानों के पट्टे जारी करने में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों को उनके मकानों के पट्टे शीघ्रता से जारी किए जाएं ताकि उन्हें कानूनी अधिकार प्राप्त हो सके और वे राहत की अनुभूति कर सकें। इसके अतिरिक्त, विधायक भदेल ने एडीए की रिक्त पड़ी भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जों एवं अतिक्रमणों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी अतिक्रमणों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा सरकारी भूमि को संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को भू-माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। बैठक के दौरान आयुक्त ने प्रभावी रूप से सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विधायक द्वारा बताये इन कार्यों को प्राथमिकता से लेकर इनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक लेकर निर्देश दिये।

साइबर क्राइम पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

अजमेर, (कासं)। शहर में बढ़ते साइबर अपराध और बुजुर्गों के साथ धोखाधड़ी के मामले के मद्देनजर सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर ने सार्थक पहल करते हुए शुक्रवार को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने की धोला भाटा स्थित मन्ना हवेली में कार्यशाला आयोजित की गई। सीनियर सिटीजन सोसायटी अजमेर के पदाधिकारी केके गौड़ ने बताया कि वर्तमान में डिजिटल लेन-देन के बढ़ते चलन के मद्देनजर साइबर ठगी के मामले विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अजमेर रेंज डीआईजी ओमप्रकाश के निर्देशानुसार साइबर सेल की टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यशाला में साइबर सेल अधिकारियों ने बुजुर्गों को मोबाइल, सोशल मीडिया और बैंकिंग फ्रॉड से बचाव के आसान तरीके समझाए। साथ ही यह भी बताया गया कि फर्जी कॉल, मैसेज या लिंक के जरिए कैसे ठग व्यक्तिगत जानकारी चुराते हैं। अधिकारियों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान सोसायटी की विशेष परंपरा का निर्वहन करते हुए।इस माह में जन्में वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया गया। केक काटकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सभी को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

सार-समाचार

जागरूकता की लहर से हो रहा डेंगू पर वार

भीलवाडा। डेंगू के खतरे से बचाव को लेकर सुरक्षित और स्वस्थ समाज बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग ने जन-जागरूकता की एक सशक्त लहर उठाई। इस दौरान स्वास्थ्य कार्मिकों ने विभिन्न एन्टीलार्वल व जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने यह जानकारी देकर बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर स्वास्थ्य कर्मियों ने जिला व ब्लॉक स्तर पर जागरूकता रैली, पम्पलेट वितरण, पोस्टर प्रदर्शन और घर-घर जाकर जनसंवाद के माध्यम से डेंगू के खिलाफ जंग का ऐलान किया। उन्होंने लार्वा सर्वे, फॉगिंग और मच्छर नियंत्रण के लिए नारा लेखन, पानी के पॉजिटिव पात्रों का निस्तारण जैसी प्रभावी एन्टीलार्वल गतिविधियों से आमजन को स्वच्छता और सावधानी की महत्ता समझाई।

मानसून से पूर्व नालों की सफाई

अजमेर । बारिश के मौसम से पूर्व नगर निगम द्वारा हर साल नालो की साफ-सफाई करवाई जाती है, इसी के तहत इस साल भी नगर निगम की ओर से शहर के सभी छोटे व बडे नालों की साफ-सफाई करवाई जा रही है। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी पृथ्वीराज ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को काला बाग पुलिया के नीचे का नाला सफाई करवाया गया।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2025/1117 **आम सूचना** दिनांक : 16/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 552 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या 24 क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज) पर श्री गौरांग डी जाजू पुत्र श्री दिनेश जाजू ने आवेदन प्रस्तुत कर हस्तान्तरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 40 फीट चौड़ा रास्ता — पश्चिम में : भूखण्ड संख्या 23

उत्तर में : भूखण्ड संख्या 16 — दक्षिण में : 40 फीट चौड़ा रास्ता

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/नाम हस्तांतरण/2025/1115 **आम सूचना** दिनांक : 16/5/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 78 पर स्थित व्यवसायिक (भूखण्ड संख्या 22 क्षेत्रफल 108.43 वर्गगज) पर 1. श्री पवन दिवाकर पुत्र श्री सत्यनारायण दिवाकर 2. श्रीमती ममता रामावत पत्नि श्री अशोक रामावत ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : जयपुर अजमेर रोड — पश्चिम में : अन्य की जमीन

उत्तर में : अन्य की जमीन — दक्षिण में : भूखण्ड संख्या 21

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मयाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी।

प्रभारी, नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चौरसियावास योजना के आवसीय/व्यवसायिक खसरा नम्बर 1584 क्षेत्रफल 391 वर्ग गज आवंटी/अन्तरिति श्रीमती मैना देवी पत्नि स्व. रामेश्वर लाल टेलर निवासी 432 B-1 चौरसियावास रोड गाँधी नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 5/3/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/ दिनांक 24/6/2012 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु भंवर लाल टेलर पुत्र स्व. रामेश्वर लाल टेलर निवासी 432 B-1 चौरसियावास रोड गाँधी नगर अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि अजमेर विकास प्रधिकरण अजमेर की कोटडा आवासीय योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 1428 क्षेत्रफल 112.50 व.मी. आवंटी/अन्तरिति श्री/सुश्री/श्रीमती सूरज अग्रवाल पुत्र/पुत्री/पत्नि/श्री/स्व. डा. पूनमचंद अग्रवाल निवासी रघुनाथ भवन, नसिया रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 25-05-2021 को होने पर मृत्यु प्रमाणपत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों श्री/सुश्री/श्रीमती सत्यभामा पुत्र/पुत्री/पत्नि सूरज अग्रवाल निवासी रघुनाथ भवन, नसिया रोड, अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री/सुश्री/श्रीमती विक्रम अग्रवाल पुत्र /पुत्री/ पत्नि सूरज अग्रवाल निवासी रघुनाथ भवन, नसिया रोड, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 03-04-2025 के आधार द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। उक्त नामान्तरण किये जाने के सम्बंध में किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाडा (राज.)

प्रारूप-10 (नियम 6 (7)देखिए) प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा

सं.328-331 **लोक सूचना** दिनांक- 15.05.2025

आवेदक श्री रामचन्द्र पुत्र श्री मादुलाल भील निवासी हरिपुरा, तस्वारियों तहसील अंटाली जिला भीलवाडा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित	तहसील का नाम	ग्राम का नाम खसरा सं.	क्षेत्र
राजस्व ग्राम तस्वारिया	अन्टाली	राजस्व ग्राम तस्वारिया के खसरा सं.-1091/5	कुल क्षेत्रफल 2752.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक ..... को जारी की गयी ।

प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका गुलाबपुरा

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 220 दिनांक 14.05.25

जाहिर आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या -क-22, घोलामाटा, अजमेर क्षेत्रफल 136.00 वर्ग गज मूल आवंटी श्री जशनमल पुत्र श्री हुकुमत राय को आवंटित कर दिनांक 11.02.1975 को मकान का भौतिक कब्जा सौपा गया था। श्री जशनमल पुत्र श्री हुकुमत राय द्वारा दिनांक 17.03.1978 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री जशनमल पुत्र श्री हुकुमत राय द्वारा आवास का बैचान श्री प्रकाश कुकरेजा पुत्र श्री नथूराम कुकरेजा की कर दिया गया। श्री प्रकाश कुकरेजा की मृत्यु दिनांक 13.08.2010 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती मीना कुकरेजा पत्नि स्व0 श्री प्रकाश कुकरेजा के पक्ष में दिनांक 09.05.2013 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती मीना कुकरेजा की मृत्यु दिनांक 18.11.2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री प्रशान्त कुकरेजा पुत्र स्व0 श्री प्रकाश कुकरेजा द्वारा मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री प्रशान्त कुकरेजा पुत्र स्व0 श्री प्रकाश कुकरेजा के पक्ष में उनकी बहिन श्रीमती पूनम भम्मानी पत्नि श्री राज भम्मानी द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री प्रशान्त कुकरेजा पुत्र स्व0 श्री प्रकाश कुकरेजा ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया श्री प्रशान्त कुकरेजा पुत्र स्व0 श्री प्रकाश कुकरेजा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति भय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड - अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज)

क्रमांकः न.प.कि./गैराज/2025/191 दिनांक :- 12/05/2025

-:: ई-बोली आमन्त्रण सूचना संख्या- 01 (वर्ष 2025-26 ::-)

नगर परिषद, किशनगढ (अजमेर) के लिए परिषद क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हेतु किराये पर सी.एन.जी. टेम्पो (क्षमता 1000 किलों) मय ड्राईवर उपलब्ध कराने हेतु 20 ऑटो टीपर/ऑटोहोपर (क्षमता 1000 किलोग्राम) 12 माह के लिये किराये पर उपलब्ध कराने का कार्य हेतु इच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योर्मेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 13.05.2025 को प्रातः 09.00 बजे से तथा प्राप्त करने की दिनांक 26.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526A1212

आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/2498 नगर परिषद, किशनगढ़

Government of India/भारत सरकार
Ministry of Communications/संचार मंत्रालय
Department of Telecommunications/दूरसंचार विभाग
Office of Controller of Communication Accounts/
कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा
Sanchar Lekha Bhawan, Jhalana Doongri Institutional Area, Jaipur-302 004
Ph. No. 0141-2700608 Email: cca.pension-rj@gov.in

पत्र क्रमांकः आरडॉट/8-2/ पेंशन अदालत/2025-26

पेंशन अदालत

कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान, जयपुर द्वारा दिनांक 23.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे, कार्यालय नियंत्रक संचार लेखा, जयपुर में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। जिसमें आप अपनी पेंशन सम्बन्धी अनिर्णित शिकायत, यदि तीन माह से अधिक पुरानी हो तथा पिछली पेंशन अदालत में शामिल नही की गयी हो, तो दिनांक 19.05.2025, 03:00 बजे अपराहन तक इस कार्यालय को डाक द्वारा या ई-मेल-cca.pension-rj@gov.in पर भेज सकते है, ताकि उनके निवारण हेतु विचार किया जा सकें। इस पेंशन अदालत में आप स्वमं के खर्चे पर भाग ले सकते है।

वरि. लखिधिकारी (पेंशन)
CBC 06219/12/0001/2526 नियंत्रक संचार लेखा राजस्थान

पृथ्वीराज चौहान जयंती मैराथन दौड़ 23 को

अजमेर । सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859 वीं जयंती समारोह के अन्तर्गत आगामी 23 मई को मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड जारी कर दिया गया है।

- **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु क्यूआर कोड जारी**

समारोह समिति के खेल प्रभारी विनीत लोहिया के अनुसार इस मैराथन दौड़ में पुरूष-महिला, छात्र-छात्राएं सहित वरिष्ठ नागरिक भी भाग लेगें। इस दौड़ में आम शहर वासियों के अतिरिक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जीआरपी, राजस्थान पुलिस, रेलवे, जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र, जिला एथेलेटिक संघ, न्यायिक सेवा से जुड़े अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मचारी भी भाग लेंगे। समारोह समिति के कंवल प्रकाश किशनानी के अनुसार यह दौड़ 23 मई शुक्रवार को प्रातः 6 बजे डॉ. भीमराव आम्बेडकर सर्कल (रोडवेज बस स्टेण्ड) से रवाना होकर, एलिवेटेड रोड पर जाएगी, जहां से आगरा गेट की भुजा से उतरते हुए, जयपुर रोड, अठासेन सर्कल, जिला परिषद होते हुए पुनः अम्बेडकर सर्कल पर सम्पन्न होगी। सभी वर्ग के प्रथम तीन विजेताओं को 24 मई शनिवार को तारागढ़ तलहटी स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौड़ में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शंकर आयुर्वेदा एंड पंचकर्मा हॉस्पिटल सिविल लाईन एवं स्वर आरोग्यम फाउंडेशन किशनगढ़-अजमेर के सोजन्य से शीतलपेय एवं फल वितरित किए जाएंगे। इस संस्थान की डॉ. रूचि माथुर एवं अन्नपूर्णा पारीक का सहयोग रहेगा। इस दौड़ में भाग लेने वाले सभी पुरूष-महिला, छात्र-छात्राएं एवं वरिष्ठ नागरिक अपना रजिस्ट्रेशन स्वामी कॉम्पलेक्स स्थित पिज्जा पाइंट से फार्म प्राप्त कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेगे। जिसके दौड़ संयोजक अर्जुन नलिया, मुकेश खींची, किशोर मारोठियां, चन्द्रभान प्रजापत रहेंगे। पूरे मार्ग पर यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस का प्रबंधन एवं एम्बूलेंस सेवा भी रहेगी।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा फहराया

भीलवाड़ा। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस बहादुरी से पाकिस्तान के आतंकवादियों के कैंप को निशाना बनाते हुए तबाह कर दिया साथ ही पाकिस्तान द्वारा ड्रोन एवं मिसाइल के हमले को भी भारतीय सेना द्वारा अतिआधुनिक तकनीक से निर्मित हथियारों द्वारा हवा में ही मार गिराया इस को लेकर भारत विकास परिषद चन्द्र शेखर आजाद शाखा के संस्थापक अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में कमांडो राजकुमारी, भाविप महिला प्रमुख विजय लक्ष्मी समदानी ,कल्पना सोनी,आशा काबरा ,भारती काबरा के सानिध्य में आई बी वी एम स्कूल नेहरू रोड पर तिरंगा झंडा भारत माता की जय वन्देमातरम जय हिंद के नारे के साथ पूरे जोश उत्साह से फहराया। इस दौरान प्रांतीय संयुक्त महासचिव शिवम प्रहलादका ,विनोद कोठारी , अमित सोनी, विनीत शर्मा, अनुरोध अजमेरा शारदा चेचानी ,सुनीता शर्मा एवं कमांडो राजकुमारी कल्पना सोनी, अर्पित नंदावत, सार्थक भदादा, पंकज मिश्रा उपस्थित थे।

तालाब की पाल पर पाइपलाइन बिछाना पड़ा महंगा

नसीराबाद, (निसं)। निकटवर्ती देरांठू ठाम पंचायत के राताखेड़ा गांव में जलदाय विभाग की लापरवाही एक बड़े खतरे को न्यौता दे रही है। यहां तालाब की वर्षों पुरानी पाल के ऊपर से पानी की पाइपलाइन डाल दी गई है, जो अब क्षतिठास्त होकर पाल को भी नुकसान पहुँचा रही है। जानकारी के अनुसार, जलदाय विभाग ने ठाम बेवंजा में पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की टंकी से पाइपलाइन बिछाई थी। इस कार्य में विभाग ने सुरक्षित मार्ग की अनदेखी करते हुए तालाब की पाल पर खुदाई कर शॉर्टकट से पाइप डाल दी। दो दिन पहले तेज पानी के दबाव से पाइपलाइन टूट गई और लीकेज के चलते पाल का हिस्सा भी दरक गया, जिससे वह नीचे से पोली हो गई। जलदाय विभाग ने मिट्टी भरकर किया इतिश्री : सूचना मिलने पर विभागीय ठेकेदारों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज को अस्थाई रूप से दुरुस्त किया और केवल मिट्टी डालकर काम समाप्त कर दिया। लेकिन भीतर से कमजोर हो चुकी पाल अब पूरे गांव के लिए खतरे का कारण बन गई है। इस समय राताखेड़ा तालाब पूरी तरह भरा हुआ है और बारिश का मौसम करीब आ चुका है।

निःशुल्क समर कैम्प शुरु

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। नगर परिषद किशनगढ द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय समर कैम्प निःशुल्क मस्ती की पाढशाला का गांधी धर्मशाला में सभापति दिनेश सिंह राठौड व आयुक्त सीता वर्मा ने शुभारम्भ किया। कैम्प में साठ बच्चों द्वारा भाग लिया, जिसमें प्रार्थना के बाद योग क्लास ली गई। कर्मचारी किरण कंवर व रजनी ने गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी दी। विवेक कुमावत द्वारा डांस क्लास व मुकेश कुमावत ने बच्चो को पेटिंग करने की टिप्स सिखाई गई। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता संदीप यादव, त्रिलोचन कुमावत सहायक अभियन्ता, कमल शर्मा आर ओ, प्रकाशचंद मेहता प्रशा. अधिकारी, मुकेश लखन, भारत धोल, रजनीश शर्मा आदि मौजूद थे।

धरना 19 मई को

अजमेर, (कासं)। देश के संविधान की मजबूती बनी रहे, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी संकल्पित है, देशभर में जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली निकाली जा रही है। शहर कांग्रेस प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस के आ ान पर और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 'संविधान बचाओ रैली' अभियान के तहत 19 मई सोमवार को प्रातः 10:30 बजे गांधी भवन पर विशाल धरना दिया जाएगा, जिसमें अजमेर जिला कांग्रेस प्रभारी चेतन डूडी सहित पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। इस रैली का उद्देश्य संविधान की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। क्योंकि देशभर में संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया जा रहा है तथा संघीय सिद्धान्तों का बार-बार अतिक्रमण कर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा बढ़ती आर्थिक असमानता पर सरकार की चुप्पी का विरोध किया जाना आवश्यक है।

मानसून से पहले हरकत में आया प्रशासन

अजमेर, (कासं)। मानसून के आगमन से पूर्व नगर निगम व सार्वजनिक निर्माण विभाग हरकत में आ गए हैं। शहर में हादसों की संभावनाओं को कम करने और सडक़ चौड़ीकरण योजनाओं के तहत प्रशासन ने शुक्रवार को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में जर्जर भवनों और अतिक्रमण पर कार्रवाई की।

- **जर्जर मकानों को किया ध्वस्त**
- **मार्ग में बाधा बन रही अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर**

नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता दायमा ने बताया कि नगर निगम की ओर से वार्ड नंबर 19 स्थित मालूसर बावड़ी क्षेत्र में एक जर्जर भवन को ढहाया गया। यह जर्जर मकान के स्वामित्व का पता नहीं चला है। यह मकान लंबे समय से बंद पड़ा था। निगम अधिकारियों के अनुसार भवन मालिक की अनुपस्थिति में उसे कई बार मकान पर नोटिस चस्पा किए गए, लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। स्थानीय निवासियों की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम की टीम ने मकान को ढहाने की कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि मानसून के दौरान इस भवन के गिरने की आशंका थी, जिससे आसपास के घरों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती थी।

कनिष्ठ अभियंता दायमा ने बताया कि जी प्लस वन के तहत बिल्डिंग निर्माण किया था। मकान बरसों से जर्जर था, इसमें कोई निवास नहीं कर रहा था, फिलहाल इसके स्वामित्व की जानकारी जुटाई जा रही है, निगम में अपने स्तर पर जी प्लस वन जर्जर भवन को गिराया है। इसके साथ ही शहर में अन्य जगहों पर भी जर्जर भवन है। उनकी भी पत्रावलियां तैयार की जा रही है। जल्द सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

मानसून से पहले निगम प्रशासन अलर्ट : मानसून को देखते हुए अजमेर नगर निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शहर के सभी जर्जर भवन को चिन्हित कर कार्रवाई करने की कवायद की जा रही है। निगम प्रशासन चिन्हित कर पहले नोटिस देकर सूचना दे रहा है। जवाब नहीं मिलने पर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है। जिससे कि मानसून के वक्त किसी तरह का हादसा ना हो।

अवैध दुकानों के निर्माण को हटाया : इसी तरह रामगंज चुंगी चौकी के पास सडक़ चौड़ीकरण कार्य के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। विभाग द्वारा 13 मई को आधा दर्जन अवैध दुकानों को नोटिस दिए गए थे। नोटिस मिलने के बाद अधिकतर दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें खाली कर दीं। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की टीम ने सडक़ किनारे बनी दुकानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त किया, जिससे क्षेत्र में चल रहे सडक़ चौड़ीकरण कार्य को गति मिल सके।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 4 अगस्त को

अजमेर, (कासं)। अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील के भराव क्षेत्र में स्मार्ट सिटी योजना में बने सेवन वंडर सहित वेटलैंड और ग्र